**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***THE TRIBUNE***

## VARSITY SHINES IN NIRF RANKING

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has maintained its excellence among the government universities of Haryana in the field of technical education. In the latest ranking released by the National Institute Ranking Framework (NIRF) 2021, the university has been ranked best among State Universities and Institutes of Haryana in the engineering and management category. The spokesperson said the YMCA university had been ranked 127th in the engineering category as per the NIRF ranking list released by the Union Ministry of Education.

The Tribune Wed, 15 September 202
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***PIONEER***

# 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर आयोजित एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हो गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) द्वारा प्रायोजित है, जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित 15 से अधिक राज्यों से 195 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर आईआईआईटी सोनीपत के निदेशक प्रो. एम.एन. दोजा मुख्य अतिथि रहे। इंफोरमेंटिक्स एवं कंप्यूटिंग के डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सत्र में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की पहल की सराहना की तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में प्रो. एम.एन. दोजा ने कहा कि आज के प्रौद्योगिकी युग में इंटरनेट ऑफ थिंग्स की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नवीनतम तकनीकों के साथ खुद को जोड़ने एवं अपडेट रहने का भी आग्रह किया।

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***PIONEER***

# जेसी बोस में 17 को मनाएंगे युवा प्रेरणा दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनायेगा। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आनंद मोहन शरण मुख्य अतिथि होंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जे.सी. बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। इस इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरुआत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के उद्यमशीलता के प्रयासों को सहयोग देने के उद्देश्य से की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है। उनका संपूर्ण जीवन तथा एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***AMAR UJALA***

# पीएम के जन्मदिन को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाएगा विवि

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए की ओर से 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाएगा। इस उपलक्ष्य में युवा आइडियाथॉन चैलेंज-2021 की शुरुआत की गई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री की ही दूरदर्शी सोच है। विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है।

## युवा आइडियाथॉन चैलेंज का होगा आयोजन

इसमें हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आनंद मोहन शरण मुख्य अतिथि होंगे। वह विवि द्वारा विकसित जेसी बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। युवा आइडियाथॉन चैलेंज अलग-अलग पृष्ठभूमि, कौशल और रुचि रखने वाले युवाओं को विभिन्न समस्याओं के तकनीकी समाधान के लिए एकजुट करने का प्रयास है। अभी तक 40 से अधिक प्रविष्टियां मिल चुकी हैं। आइडियाथॉन का परिणाम 17 सितंबर को घोषित किया जाएगा। इसमें प्रथम स्थान के लिए 10,000, दूसरे के लिए 5000 तथा तीसरे स्थान के लिए 3000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। विजेताओं का चयन मोहित वोहरा, मुनीश सिंघल और शबीर मोमिन करेंगे। ब्यूरो

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

*AMAR UJALA*

# 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर एक सप्ताह का ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हुआ है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेकभनोलॉजी (आईआईआईटी) सोनीपत के निदेशक प्रो. एमएन दोजा मुख्य अतिथि रहे। सत्र में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, सभी डीन, विभागाध्यक्ष और विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की पहल की सराहना की। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***NAVBHARAT TIMES***

# फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम शुरू

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर आयोजित एक सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम शुरू हो गया। इसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड व केरल सहित 15 से अधिक राज्यों से 195 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर प्र. एमएन दोजा, प्र. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डॉ. सपना गंभीर आदि मौजूद रहीं।

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***NAVBHARAT TIMES***

# शुक्रवार को मनाया जाएगा युवा प्रेरणा दिवस

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाएगा। इस उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी युवा आइडियॉथन चैलेंज की शुरुआत करेगी। मौके पर हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आनंद मोहन शरण मुख्य अतिथि होंगे और वह यूनिवर्सिटी में विकसित किए गए जेसी बोस टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी कुलपति प्र. दिनेश कुमार ने दी।

**NEWS CLIPPING:15.09.2021**

***HINDUSTAN***

# विश्वविद्यालय में कार्यक्रम शुरू

H.H. 15/9/2021

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' विषय पर आयोजित एक सप्ताह का ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हो गया।

एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित 15 से अधिक राज्यों से 195 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।